रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2856] नई दिल्ली, शुक्रवार, दिसम्बर 2, 2016/अग्रहायण 11, 1938
No. 2856] NEW DELHI, FRIDAY DECEMBER 2, 2016/AGRAHAYANA 11, 1938

Digital Code

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(उच्चतर शिक्षा विभाग)
(तकनीकी अनुभाग-1)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर, 2016

का.आ. 3640 (अ).—भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2014 (2014 का 30) की धारा 34 के साथ पठित धारा 33 के खंडों **(क), (ख), (ग), (घ), (छ), (ज), (झ), (ञ), (ट), (ठ), (ड), (ढ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए** बोर्ड एतद् द्वारा, विजिटर के पूर्व अनुमोदन के साथ भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान, कांचीपूरम की निम्नलिखित सांविधियां निर्मित करता है।

1. लघु शीर्षक और आरंभ

इन सांविधियों को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान, कांचीपूरम की प्रथम सांविधियां कहा जा सकता है।

2. परिभाषा:- इन विधानों के संदर्भ में अन्यथा आवश्यक होने तक;

(क) "अधिनियम" का अभिप्रेत भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2014 (2014 का 30) है;

(ख) "नियुक्ति प्राधिकारी" का अभिप्रेत बोर्ड, यदि नियमित सहायक प्रोफेसर के पद अथवा उससे ऊपर के पद शैक्षिक कर्मचारी में की गयी हो अथवा यदि नियुक्ति प्रत्येक संवर्ग में गैर-शैक्षणिक स्टाफ में की गई हो, जिसके वेतनमान का अधिकतम समूह (क) अधिकारियों तथा निदेशक, किसी अन्य मामले में, के लिए प्रचलित ग्रेड वेतन मान से अधिक हो;

(ग) "प्राधिकारी", 'अधिकारी' और 'निकाय' का अभिप्रेत संस्थान के क्रमश: प्राधिकारी, अधिकारी और संकाय है;

(घ) "छात्रावास" का अभिप्रेत संस्थान के छात्रों के आवास के लिए छात्रावास अथवा आवास कक्ष है;

(ड.) "भवन एवं कार्य समिति" का अभिप्रेत अधिनियम की धारा 20 के तहत गठित संस्थान की भवन एवं कार्य समिति है;

(च) "केंद्र सरकार" का अभिप्रेत भारत सरकार है।

(छ) "डीन" का अभिप्रेत संस्थान का डीन है;

(ज) "विभाग" अथवा "केंद्र" अथवा "स्कूल" का अभिप्रेत निदेश प्रदान करने और संस्थान के अनुमोदित कार्यक्रमों में शोध गतिविधियों के संचालन के लिए स्थापित शैक्षिक विभाग है;

(झ) "वित्त समिति" का अभिप्रेत अधिनियम की धारा 18 के तहत गठित संस्थान की वित्त समिति है;

(ञ) विभाग अथवा केंद्र अथवा स्कूल के संबंध में "प्रमुख" का अभिप्रेत उसका प्रमुख है;

(ट) "रजिस्ट्रार" का अभिप्रेत संस्थान का रजिस्ट्रार है;

(ठ) संस्थान के छात्रावास अथवा आवास कक्ष अथवा भोजनशाला के "वार्डन" का अभिप्रेत उसका वार्डन है;

(2) इसमें प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्ति और जो परिभाषित नहीं है परंतु अधिनियम में परिभाषित है का उन्हें अधिनियम में दिया गया अर्थ होगा।

3. मानद डिग्री प्रदान करना:- मानद डिग्री प्रदान करने के सभी प्रस्ताव सीनेट द्वारा किए जाएंगे और उन्हें पुष्टि हेतु विजिटर को प्रस्तुत किए जाने से पहले बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

बशर्ते कि आकस्मिकता के मामले में अध्यक्ष बोर्ड की ओर से ऐसी मानद डिग्री प्रदान किया जाना विजिटर को प्रस्तुत कर सकता है।

4. शिक्षण विभाग:- (1) बोर्ड उन शैक्षिक इकाइयों को निर्दिष्ट करेगा जिनके माध्यम से संस्थान की सामान्य शैक्षणिक अथवा शोध गतिविधियों अथवा दोनों का संचालन किया जाएगा।

(2) ऐसी प्रत्येक इकाई को विभाग अथवा केंद्र अथवा स्कूल, जैसा भी उपयुक्त समझा जाएगा, के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

(3) बोर्ड को सीनेट की सिफारिश पर नई शैक्षिक इकाई आरंभ करने अथवा मौजूदा इकाई को बंद करने का अधिकार होगा और प्रत्येक संकाय सदस्य ऐसा न्यूनतम एक इकाई से संबद्ध होगा।

(5) विभाग अथवा केंद्र अथवा स्कूल का प्रमुख:

(1) निदेशक संस्थान के संकाय में से अधिकतम तीन वर्ष की अवधि के लिए संस्थान की प्रत्येक शैक्षिक इकाई अर्थात् विभाग अथवा केंद्र अथवा स्कूल इत्यादि के लिए एक प्रमुख की नियुक्ति करेगा;

बशर्ते कि जब निदेशक के मत से परिस्थिति में आवश्यक हो, निदेशक अधिकतम छः माह की अवधि के लिए विभाग का अस्थायी प्रकार ले सकता है।

(2) विभाग अथवा केंद्र अथवा स्कूल इत्यादि का प्रमुख निदेशक के सामान्य नियंत्रण के अधीन शैक्षिक इकाई के समूचे कार्यकरण के लिए जिम्मेदार होगा।

(3) विभाग अथवा केंद्र अथवा स्कूल का प्रमुख यह सुनिश्चित करेगा कि संस्थान के प्राधिकारियों के निर्णयों का समुचित रूप से कार्यान्वयन किया जाए और वह निदेशक द्वारा सौंपे गए ऐसी अन्य कार्य करेगा।

6. फीस:- ट्यूशन फीस तथा इसमें छूट, यदि कोई हो, का निर्धारण परिषद द्वारा किया जाएगा और किसी अन्य फीस में छूट के लिए इसका निर्णय बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

7. फैलोशिप एवं छात्रवृत्ति संस्था:- संस्थान परिषद् के निर्णय के अनुरूप तथा इस संबंध में समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा निहित नीति के अनुसार विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए अवरस्नातक, स्नातकोत्तर, शोध तथा पोस्ट- डॉक्टोरल छात्रों को ऐसे स्टाईपंड, फैलोशिप, छात्रवृत्ति स्थापित एवं प्रदान करेगा जैसाकि अध्यादेश द्वारा निर्दिष्ट किया गया हो।

(1) प्रदर्शनी, पदकों, पुरस्कारों और अन्य अवार्ड का निर्णय बोर्ड द्वारा लिया जाएगा।

8. स्टाफ का वर्गीकरण:- संस्थान के निम्नलिखित स्टाफ होंगे, नामत:-

(क) शैक्षणिक स्टाफ;

(ख) तकनीकी स्टाफ;

(ग) प्रशासनिक एवं अन्य स्टाफ;

9. नियुक्ति- (1) संस्थान के सभी संकाय पदों को भारत सरकार की प्रक्रियाओं के अनुसार खुले विज्ञापन के माध्यम से भरा जाएगा और अन्य सभी पदों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित संस्थान के भर्ती नियमों के अनुसार भरा जाएगा तथा समूह 'घ' स्तर द्वारा प्रदान की जा रही सभी सेवाओं को आउटसोर्स या अनुबंध आधारित बनाया जाएगा।

(2) सहायक प्रोफेसर के अलावा अन्य सभी नए भर्ती लोगों की परिवीक्षा अवधि एक वर्ष होगी और नए भर्ती किए गए सहायक प्रोफेसर की परिवीक्षा अवधि दो वर्ष होगी।

(3) संस्थान केंद्र सरकार द्वारा यथा निर्धारित पदों के आरक्षण हेतु आवश्यक प्रावधान करेगा।

(4) प्रोफेसरों के मामले में चयन समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे; अर्थात्

i. निदेशक- अध्यक्ष;

ii. विजिटर का नामिति-सदस्य;

iii. पहले से अनुमोदित विशेषज्ञों के पैनल से बोर्ड द्वारा से दो विशेषज्ञ- सदस्य;

iv. सीनेट विशेषज्ञों के पैनल से सीनेट द्वारा नामित एक विशेषज्ञ- सदस्य

IndiaCode

नोट: यदि अन्य सदस्यों में से कोई अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबद्ध नहीं हो तो बोर्ड द्वारा एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नामित किया जाएगा।

(5) अनुबंध पर, पुस्तकालयाध्यक्ष, उप-पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार, सहायक रजिस्ट्रार, संस्थान इंजीनियर, खेल अधिकारी, सहायक खेलअधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, लेखा अधिकारी, लेखापरीक्षा अधिकारी, संपदा अधिकारी सहित एसोसिएट प्रोफेसर के पद के मामले में चयन समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे:-

i. निदेशक- अध्यक्ष;

ii. बोर्ड द्वारा नामित दो विशेषज्ञ- सदस्य;

iii. सीनेट द्वारा नामित एक विशेषज्ञ- सदस्य;

iv. यदि जिस पद के लिए चयन किया जा रहा है वह विभाग या केंद्र अथवा स्कूल या यूनिट के प्रमुख द्वारा अधिकृत पद के दर्जे से निचले दर्जे का है तो संबंधित विभाग या केंद्र अथवा स्कूल या यूनिट का प्रमुख और पुस्तकालयाध्यक्ष, उप पुस्तकालयाध्यक्ष तथा सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के पदों के लिए अध्यक्ष, संस्थान की सीनेट पुस्तकालय समिति, रजिस्ट्रार या खेल अधिकारी या मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा संस्थान इंजीनियर या लेखा अधिकारी अथवा लेखापरीक्षा अधिकारी या संपदा अधिकारी के पद के लिए बोर्ड द्वारा नामित प्रशासनिक या खेल या चिकित्सा या इंजीनियरिंग अथवा लेखा या लेखापरीक्षा या उपयुक्त स्तर के संपदा विशेषज्ञ

v. उप रजिस्ट्रार तथा सहायक रजिस्ट्रार के पद के लिए रजिस्ट्रार या सहायक खेलकूद अधिकारी के पद के लिए खेलअधिकारी अथवा चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

नोट: यदि अन्य सदस्यों में से कोई अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबद्ध नहीं हो तो बोर्ड द्वारा एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नामित किया जाएगा।

(6) अन्य सभी पदों के लिए चयन समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे:-

i. निदेशक या पद के लिए उपयुक्त उसका नामिति- अध्यक्ष;

ii. बोर्ड का एक नामिति- सदस्य;

iii. बोर्ड विशेषज्ञों की सूची से बोर्ड द्वारा नामित एक विशेषज्ञ- सदस्य;

iv. सीनेट विशेषज्ञ की सूची से सीनेट द्वारा नामित एक विशेषज्ञ- सदस्य;

v. विभाग या केंद्र या विषय अथवा स्कूल या संबंधित यूनिट को प्रमुख के पद यदि किसी विभाग या केंद्र या विषय या स्कूल या यूनिट में कवर नहीं होते हैं तो उक्त पद का पदधारी जिला प्राधिकारी को रिपोर्ट करें उन्हें सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा।

नोट: यदि अन्य सदस्यों में से कोई अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबद्ध नहीं हो तो बोर्ड द्वारा एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नामित किया जाएगा।

(7) बोर्ड द्वारा नामित विशेशज्ञों की सूची और सीनेट द्वारा नामित विशेषज्ञों की सूची के अनुमोदन को क्रमश: बोर्ड और सीनेट द्वारा प्राथमिकता दी जाएगी।

(8) विभाग या केंद्र अथवा स्कूल के लिए बोर्ड और सीनेट विशेषज्ञों की एक-एक सूची होगी:

बशर्ते कि यदि बोर्ड द्वारा विभाग या केंद्र अथवा स्कूल के लिए अलग-अलग विषयों के संकाय सदस्य लेने का अधिदेश होगा तो प्रत्येक विषय के लिए बोर्ड और सीनेट विशेषज्ञों की एक-एक सूची होगी और उस विषय के अभ्यर्थियों में से विषय के विशेषज्ञ होंगे।

(9) निदेशक, पदों को भरने के लिए संस्थान द्वारा प्राप्त किए गए सभी आवेदनों पर विचार करने के लिए एक उपयुक्त अनुवीक्षण समिति गठित कर सकता है और अनुवीक्षण समिति, चयन समिति के विचारार्थ बोर्ड द्वारा प्रदत्त छूट के साथ पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों के बारे में सलाह देगी:

बशर्ते कि अनुवीक्षण समिति संस्थान द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का विस्तृत विवरण तैयार करेगी और चयन समिति की स्वीकृति, अस्वीकृति या संशोधन हेतु उसके समक्ष प्रस्तुत करेगी :

बशर्ते कि अनुवीक्षण समिति प्रत्येक आवेदन का विशिष्ट कारण देगी:

बशर्ते कि, ऐसा किए जाने के कारण बताने के पश्चात् चयन समिति उस आवेदक की उम्मीदवारी पर विचार कर सकती है जिसकी अनुवीक्षण समिति द्वारा सिफारिश नहीं की गई थी।

(10) संस्थान द्वारा नियमित या अनुबंध आधार पर अथवा अस्थायी पदों पर की गई सभी नियुक्तियों के बारे में बोर्ड को उसकी अगली बैठक में रिपोर्ट दी जाएगी।

10. स्थायी कर्मचारियों की सेवा संबंधी निबंधन एवं शर्तें:- संस्थान का स्थायी स्टाफ पर निम्नलिखित निबंधन एवं शर्तों से अभिशासित होगा:-

IndiaCode

(1) प्रत्येक नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि नियुक्त व्यक्ति सेवा के लिए स्वस्थ और शारीरिक रूप से योग्य होगा जिसे बोर्ड द्वारा नामित चिकित्सा बोर्ड द्वारा प्रमाणित किया गया हो:

बशर्ते कि बोर्ड पर्याप्त कारणों से किसी विशेष मामले या मामलों में बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित उन शर्तों, यदि कोई हो, के अंतर्गत चिकित्सा संबंधी आवश्यकताओं में छूट प्रदान कर सकता है।

(2) अधिनियम और सांविधियों के उपबंधों के अध्यधीन संस्थानों के अंतर्गत पदों पर सभी नियुक्तियां साधारण दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए की जाएंगी और परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी होने के पश्चात् नियुक्त व्यक्ति अधिनियम और सांविधियों के उपबंधों के अध्यधीन स्थायी कर्मचारी के रूप में उस समय तक कार्यभार संभालेगा जब तक कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर लागू अधिवर्षिता की आयु को प्राप्त नहीं कर लेता।

इसके अतिरिक्त छात्रों के हितों को ध्यान में रख और पीएचडी कार्यक्रम हेतु पंजीकृत छात्रों के शिक्षण एवं दिशा-निर्देशन हेतु यदि बोर्ड आवश्यक समझता है तो वह अकादमिक सत्र अथवा सेमिस्टर के अंत तक किसी भी अकादमिक संकाय को पुन: रोजगार दे सकते हैं।

इसके अलावा सेमिस्टर अथवा अकादमिक सत्र के अंत के पश्चात् भी यदि किसी ऐसे संकाय सदस्य को पुन: रोजगार देना आवश्यक हो जाता है तो बोर्ड विजीटर के पूर्वानुमोदन से ऐसे किसी सदस्य को उतनी अवधि तक पुन: रोजगार पर रख सकता है जब तक कि वह आवश्यक समझे और किसी भी मामले में यह अवधि उस अकादमिक सत्र के अंत के बाद तक नहीं होगी जब कि वह संकास सदस्य सेवानिवृत्ति की आयु न प्राप्त कर ले।

इसके अलावा सेमिस्टर अथवा अकादमिक सत्र के अंत के पश्चात् भी यदि किसी ऐसे सदस्य को पुन: रोजगार देना आवश्यक हो जाता है तो बोर्ड विजीटर के पूर्वानुमोदन से ऐसे किसी सदस्य को सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने तक संस्वीकृत रिक्त पदों पर पहली बार में तीन वर्ष की अवधि के लिए तत्पश्चात् दो वर्ष के लिए और किसी भी मामले में सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त करने तक अकादमिक सत्र के अंत से अधिक पुन: रोज़गार दे सकता है।

इसके अतिरिक्त किसी भी हाल में ऐसे स्टाफ को शिक्षण, अनुसंधान और विकास तथा पीएचडी कार्यक्रम हेतु पंजीकृत छात्रों को दिशा-निर्देश देने के अतिरिक्त किसी उद्देश्य हेतु पुन: रोजगार पर नहीं रखा जा सकता।

(3) कर्मचारी बीस वर्षों की अर्हक सेवा पूरा करने और नियोक्ता प्राधिकारी के लिखित में तीन माह से अधिक का नोटिस देने के पश्चात् केन्द्र सरकार के कर्मचारियों हेतु समय-समय पर निर्धारित शर्तों और निबंधनों के अनुसार सेवा निवृत्त हो सकते हैं।

इसके अलावा नियोक्ता प्राधिकारी कर्मचारी का प्रोबेशन पीरीयड बढ़ा सकते हैं जो एक वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। यह उसके कार्यनिष्पादन की समीक्षा पर आधारित होना चाहिए जिसके दिशा-निर्देश का निर्णय बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

(4) संस्थान का कर्मचारी अपना पूरा समय संस्थान की सेवा में लगाएगा और वह प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यापार अथवा बिजनेस अथवा किसी ऐसे अन्य कार्य में संलग्न नहीं होगा जो उसके कर्तव्यों के ठीक तरह से निर्वाह में आड़े आए, बशर्ते ये प्रतिबंध अकादमिक कार्य और परामर्शक के कार्य के लिए निदेशक द्वारा दी गई पूर्वानुमति पर लागू नहीं होंगे अथवा समय-समय पर बोर्ड द्वारा बनाई गई क्रियाविधियों के अनुसार होंगे।

(5) नियोक्ता प्राधिकारी को बोर्ड द्वारा नियुक्त मेडिकल बोर्ड द्वारा यह प्रमाणित करने के पश्चात् कि कोई कर्मचारी अपना कार्य करने के काबिल नहीं है और नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा उसे सेवा में बनाए रखना अवांछनीय है तो उसे तीन माह का नोटिस अथवा तीन माह के वेतन का भुगतान करने के पश्चात् कर्मचारी की सेवाएं समाप्त करने का नियुक्त करने वाले प्राधिकारी को अधिकार होगा।

(6) लिखित में कारणों को रिकॉर्ड करते हुए और संबंधित कर्मचारी को 3 माह की लिखित में सूचना या इसके बदले में 3 माह के वेतन का भुगतान करके बोर्ड संस्थान के किसी भी कर्मचारी की सेवा समाप्त कर सकता है।

(7) संस्थान का कर्मचारी नियोक्ता प्राधिकारी को 3 माह की सूचना देकर अपने पद से इस्तीफा दे सकता है :

बशर्ते कि नियोक्ता प्राधिकारी पर्याप्त कारणों से या तो इस अवधि को घटा सकता है या संबंधित कर्मचारी को उस शैक्षणिक सत्र के अंत तक जिसमें यह नोटिस मिला हो, सेवा जारी रखने के लिए कह सकता है।

(8) संस्थान में नियुक्त कर्मचारी को निलम्बन के अधीन रखा जा सकता है और इसलिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

(9) संस्थान का कर्मचारी इन नियमों में अनुबंधित अनुसूची I में विनिर्दिष्ट आचार नियमों द्वारा अधिशासित होगा।

11. संविदा पर नियुक्ति :- (1) इन सांविधियों में किसी बात के होते हुए बोर्ड विशेष परिस्थितियों में व्यक्ति विशेष को संविदा पर अधिकतम पांच वर्ष की अवधि तक पुन: नियुक्ति के उपबन्ध के साथ, नियुक्त कर सकता है:

बशर्ते कि ऐसी प्रत्येक नियुक्ति और तत्संबंधी शर्तें बोर्ड के अध्यक्ष के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन होंगी।

(2) अधिनियम में निहित उपबंधों के अध्यधीन बोर्ड किसी व्यक्ति को समेकित वेतन के आधार पर संविदा पर और संबंधित पद के लिए लागू निबंधनों और शर्तों पर पांच वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए नियुक्त कर सकता है:

बशर्ते कि ऐसी नियुक्ति करने के लिए बोर्ड, प्रत्येक मामले की परिस्थिति को देखते हुए, एक तदर्थ चयन समिति गठित कर सकता है।

12. **अवकाश** :- कर्मचारियों का अवकाश इन सांविधियों की अनुसूची II में विनिर्दिष्ट उपबंधों के अनुसार अधिशासित होगा।

13. **कर्मचारियों का रिहायशी आवास** – (1) बोर्ड द्वारा समय-समय पर बनाए गए नियमों के अनुसार संस्थान के कर्मचारी संस्थान के परिसर के भीतर मकान यदि उपलब्ध हो के आबंटन के पात्र होंगे।

(2) संस्थान के कर्मचारी से जिसे आवासीय उद्देश्य के लिए मकान आबंटित किया गया है, बोर्ड द्वारा तय दर पर लाइसेंस शुल्क लिया जाएगा।

(3) आवास नीति बोर्ड द्वारा तय की जाएगी।

(4) उस कर्मचारी को मकान किराए का भुगतान किया जाएगा जिसे आवास सुविधा उपलब्ध नहीं है।

14. **सेवानिवृत्ति लाभ** – (1) बोर्ड द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार संस्थान के उन कर्मचारियों के लिए जिन्होंने 1 जनवरी, 2004 से पहले पदभार ग्रहण किया था, अंशदायी निधि-सह-पेंशन-सह ग्रेच्युटी योजना गठित, अनुरक्षित और संचालित की जाएगी।

(2) संस्थान के ऐसे कर्मचारी जिन्होंने सरकारी सेवा या संस्थान में 1 जनवरी, 2004 को या उसके पश्चात् पदभार ग्रहण किया हो, केन्द्र सरकारी की नई पेंशन योजना (एनपीएस) द्वारा अभिशासित होंगे और उक्त योजना के अंतर्गत सेवा-निवृत्ति लाभ जैसे समय-समय पर केन्द्र सरकार कर्मचारियों पर लागू होते हैं, संस्थान के कर्मचारियों पर लागू होंगे।

15. अध्यक्ष की शक्तियां: (1) अध्यक्ष सांविधियों के साथ संलग्न अनुसूची III में निर्धारित किए गए अनुसार संस्थान और निदेशक के मध्य लिखित में सेवा संविदा को लागू करेगा।

(2) आकास्मिक मामलों में अध्यक्ष बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करेगा और उसके द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में उसकी आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु बोर्ड को सूचित करेगा।

16. निदेशक की शक्तियां और कर्तव्य: (1) निदेशक निम्नलिखित के लिए नियुक्ति प्राधिकारी होगा:-

(क) डीन और एसोसिएट डीन, जिसकी चयन प्रक्रिया स्थिति और कार्यों का निर्धारण बोर्ड द्वारा किया जाएगा:

बशर्ते की डीन और एसोसिएट डीन की नियुक्ति को अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया जाए।

(ख) विभागों अथवा स्कूलों या शैक्षिक और प्रशासनिक यूनिटों के प्रमुख।

(ग) छात्रावासों और संकाय से संबद्ध सुविधा-केंद्रों के मुख्य वार्डन, वार्डन और संबद्ध वार्डन;

(2) प्रयोजन के लिए बनाए गए बजट प्रावधान के अध्यधीन निदेशक बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार व्यय कर सकेगा।

(3) निदेशक, आवर्ती बजट से युक्त विभिन्न मदों के संबंध में उस सीमा तक जिसे बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाए निधि का समय-समय पर पुनर्विनियोजन करेगा:

बशर्ते कि ऐसे पुनर्विनियोजन से बाद के वर्षों में कोई देयता शामिल नहीं होगी और जितनी जल्दी हो सके ऐसे पुनर्विनियोजन की बोर्ड को सूचना दी जाएगी।

(4) निदेशक, किसी कर्मचारी को उसी सीमा तक किए गए अधिभुगतानको जिसे कर्मचारी को किया गया हो और उसका चौबीस महीने के भीतर पता चल सका हो, की वसूली को उस सीमा तक छोड़ सकता हो बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाए और ऐसी प्रत्येक छूट को जितना शीघ्र संभव हो सके बोर्ड को सूचित किया जाएगा।

(5) निदेशक खोए या आग, टूट-फूट के कारण नष्ट हुए माल की अवमूलनीय हानि को बोर्ड द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त समिति की सिफारिश या उस वित्तीय सीमा तक बट्टे खाते डाल सकेगा जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट की जाए।

(6) निदेशक, आकस्मिक ऐसे तकनीशियनों और कर्मचारियों को जिन्हें ऐसी परिलब्धियों पर नियुक्त करेगा जिनका निर्धारण बोर्ड द्वारा समय-समय पर किया जाएगा।

(7) निदेशक, समय-समय पर बोर्ड द्वारा निर्धारित किए गए ऐसे निबंधनों और शर्तों के अध्यधीन कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए अथवा शिक्षा-पाठ्यक्रम में भेज सकता है।

(8) निदेशक, उन भवनों जो पूर्ण अथवा आंशिक रूप से अनपयुक्त हो गए तो के किराए में छूट या कमी करने की स्वीकृत दे सकता है।

(9) निदेशक, किसी भवन का जिस प्रयोजनार्थ इसका निर्माण किया गया था, के स्थान पर किसी अन्य उद्देश्य के लिए अस्थायी आबंटन कर सकता है।

(10) अपवाद स्वरूप मामलों में, निधि की उपलब्धता के अध्यधीन, निदेशक अध्यक्ष के अनुमोदन से, समेकित वेतन और बोर्ड को सूचित करते हुए दो वर्षों की अवधि से कम के लिए अस्थायी पद सृजित कर सकता है।

(11) निदेशक लेखा कोड, आधारभूत और अनुपूरक नियमों और सरकार के अन्य नियमों जो लागू हों या संस्थान के कार्यों को संचालित करने के लिए लागू किए गए हों, के लिए विभागाध्यक्ष की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है।

(12) किसी अन्य कारण से, यदि रजिस्ट्रार एक महीने से कम की अवधि के लिए अस्थायी रूप से अनुपस्थित रहता है तो, निदेशक कार्यभार देख सकता है, या संस्थान के किसी कर्मचारी को जो वह उचित समझे रजिस्ट्रार के किसी भी कार्य को उसे सौंप सकता है:

IndiaCode

बशर्ते कि यदि, किसी भी समय, रजिस्ट्रार की अस्थायी अनुपस्थिति एक माह से अधिक होती है तो, बोर्ड, यदि वह उचित समझता है तो, निदेशक को एक महीने से अधिक अवधि के लिए पूर्व कथित रूप से रजिस्ट्रार को कार्य देखने या सौंपने के लिए प्राधिकृत कर सकता है।

(13) संस्थान के लिए या उसकी ओर से सभी अनुबंध जिसमें संस्थान के बीच की अनुबंध शामिल नहीं है और जब निदेशक के लिखित में बोर्ड के संकल्प को पास करके प्राधिकृत करता है और संस्थान के नाम पर बनाता है और इस प्रकार के सभी अनुबंध संस्थान की ओर से रजिस्ट्रार द्वारा निष्पादित किए जाएंगे।

(14) निदेशक, अपने विवेक से, ऐसी समितियों को गठित कर सकता है या जो वह उचित समझे।

(15) अध्यक्ष की मृत्यु, उसके त्यागपत्र या किसी अन्य कारण या अध्यक्ष द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थता के कारण या उनकी अनुपस्थिति, बीमारी या किसी अन्य कारण से पद के सृजन के मामले में, निदेशक अध्यक्ष को सौंपे गए कार्य कर सकता है।

17. छात्रावास-(1) छात्रावास और आवास हॉल और सभी आवासीय भवन, संकाय क्वार्टर से संबंधित मामले बोर्ड द्वारा देखे जाएंगे।

(2) मैस सहित हॉल और छात्रावास के दिन प्रतिदिन के कार्य मुख्य वॉर्डन, वार्डन, सहायक वार्डन द्वारा देखे जाएंगे।

(3) निदेशक दो वर्षों की अवधि के लिए मुख्य वार्डन, वार्डन, सहायक वार्डन को नियुक्त करेगा, बशर्ते कि उनकी सेवा की अवधि निदेशक, मुख्य वार्डन, वार्डन, सहायक वार्डन द्वारा आगे बढ़ाई गई हो, जैसा भी मामला हो।

(4) सभी वार्डन द्वारा वार्डन परिषद बनाया जाएगा और हॉल और छात्रावास के कार्यकलापों के संयोजन हेतु मुख्य वार्डन द्वारा इसकी अध्यक्षता की जाएगी।

18. भत्ते - (1) संस्थान के कर्मचारी बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित वेतनमानों के अनुसार यात्रा और दैनिक भत्तों के पात्र होंगे।

(2) संस्थान के कर्मचारी बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से नियमों के अनुसार अपने और अपने परिवार के सदस्यों और आश्रितों पर किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति पात्र होंगे।

(3) बोर्ड संकाय और भत्तों जैसे संचयी व्यवसायिक विकास भत्ता (सीपीडीए), विशेष शोध अनुदान, विशेष शोध अवकाश आदि सहित सभी नियमित कर्मचारियों की आवधिक निष्पादित समीक्षा के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करेगा, जो अंशदान करने वाले कर्मचारियों को ही प्रदान किया जा सकेगा जिसके लिए केन्द्रीय वित्तपोषित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में से एकरूपता के लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी परिषद संस्थान द्वारा नीति अनुमोदित की जा सकेगी।

(19) बोर्ड के आदेशों और निर्णयों का सत्यापन-(1) बोर्ड के सभी आदेश और निर्णय रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर या उसकी ओर से बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सत्यापित किए जाएंगे।

(20) बोर्ड की बैठक – (1) कैलेंडर वर्ष के दौरान बोर्ड की सामान्यत चार बार बैठक होगी।

(2) अध्यक्ष अपने स्वयं की पहल या निदेशक के अनुरोध पर या बोर्ड के कम से कम तीन सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित मांग पत्र पर बैठक का संयोजन करेगा।

(3) बोर्ड की बैठक की गणपूर्ति के लिए 6 सदस्य होंगे :

बशर्ते कि सदस्य वीडियो संपर्क द्वारा भाग लें:

इसके अतिरिक्त बशर्ते कि यदि बैठक गणपूर्ति के कारण स्थगित होती है तो, यह बैठक उसी समय और उसी स्थान या अध्यक्ष द्वारा निर्धारित अन्य दिन और अन्य समय या स्थान पर ऐसे स्थगन की तारीख से एक सप्ताह के अंदर की जाएगी और यदि अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किसी अन्य दिन और किसी अन्य समय या स्थान पर निर्धारित की जाती है और ऐसी बैठक में यदि गणपूर्ति बैठक होने के समय से आधे घंटे के अंदर उपस्थित नहीं होती है तो उपस्थित सदस्य ही गणपूर्ति होंगे, जब तक कुल सदस्य 30% से नीचे नहीं हो जाते हैं और ऐसे मामलों में जहां स्थगित बैठक सामान्य गणपूर्ति के बिना प्रारंभ हो जाती है तब बैठक समाप्त मानी जाएगी क्योंकि वर्तमान सदस्यों की संख्या बैठक प्रारंभ होने के समय सदस्यों की संख्या से नीचे जाती है और स्थगित बैठक का कार्यक्रम वही होगा जैसा बैठक में वास्तविक रूप से निर्धारित किया गया था।

(4) बोर्ड की बैठकों में सभी मदों पर अधिकांश रूप से एकमत से विचार किया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष के अतिरिक्त उपस्थित सदस्यों के वोट के बहुमत के न होने पर निर्णय नहीं लिया जा सकेगा और यदि मत समान रूप से विभाजित हो जाते हैं तो, अध्यक्ष को वोट डालने का अधिकार होगा।

(5) यदि अध्यक्ष उपस्थित रहता है तो वह बैठक की अध्यक्षता करेगा और उसकी अनुपस्थिति में, अध्यक्ष, किसी भी विशेष बैठक के लिए अध्यक्ष के रूप में कार्य करने हेतु सदस्यों में से किसी एक को नामित कर सकता है और यदि अध्यक्ष द्वारा ऐसा नामांकन नहीं किया जाता है तो बोर्ड के सदस्य अध्यक्ष का चयन कर सकते हैं।

(6) रजिस्ट्रार बैठक की तारीख से कम से कम दो सप्ताह पहले प्रत्येक सदस्य को प्रत्येक बैठक का लिखित सूचना देगा और सूचना में बैठक का स्थान और तारीख और समय दिया जाएगा:

बशर्ते की अध्यक्ष विशेष मामलों पर विचार करने के लिए कम समय में बोर्ड की विशेष बैठक बुला सकता है और ऐसी विशेष बैठक की गणपूर्ति नियमित बैठक के समान ही होगी।

(7) बैठक की सूचना प्रत्येक सदस्य को उनके बोर्ड के कार्यालय में दर्ज पतों पर व्यक्ति द्वारा या पंजीकृत डाक द्वारा या ई-मेल द्वारा दी जा सकती है।

(8) रजिस्ट्रार बैठक से कम से कम दो सप्ताह पहले सदस्यों को बैठकों का कार्यक्रम परिचालित करेगा।

(9) कार्यक्रम में किसी मत को शामिल करने के लिए प्रस्ताव की सूचना बैठक से कम से कम एक सप्ताह पहले रजिस्ट्रार के पास पहुंच जाएगी। बशर्ते कि अध्यक्ष किसी भी मत को शामिल करने की अनुमति प्रदान करें जिसके लिए देय सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(10) प्रक्रिया के सभी प्रश्नों के संबंध में अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

(11) रजिस्ट्रार निदेशक के परामर्श से बैठक की कार्रवाई के कार्यवृत्त प्राप्त करेगा और अध्यक्ष के अनुमोदन से बोर्ड के सदस्यों को परिचालित करेगा और किसी भी संशोधित सुझाव के साथ बोर्ड की अगली बैठक या परिचालन द्वारा उनकी पुष्टि करेगा।

(12) अध्यक्ष द्वारा कार्यवृत्त की पुष्टि और उन पर हस्ताक्षर होने के बाद वे कार्यवृत्त पुस्तिका में दर्ज किए जाएंगे।

(13) यदि बोर्ड के सदस्य बोर्ड से अवकाश-अनुपस्थिति के बिना निरंतर तीन बैठकों में उपस्थित होने में असफल रहते है तो उन्हें बोर्ड का सदस्य होने से रोका जाएगा।

(14) बोर्ड की सदस्यता अहस्तांतरणीय होगी।

(15) बोर्ड का कैलेंडर वर्ष के प्रारंभ होने पर एक वर्ष के लिए तय किया जाएगा और कार्यक्रम में बदलाव के मामले में, सदस्यों से परामर्श किया जाएगा।

(16) बोर्ड गैर-संकाय पदों को सृजित करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय में केन्द्र सरकार को सिफारिश करेगा, इनके सदस्यों की कुल संख्या परिषद द्वारा बनाए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार विद्यार्थियों की कुल संख्या के उचित भाग के रूप में निर्धारित की जाएगी।

21. सीनेट की बैठक :- सीनेट यथा आवश्यक अधिकांश रूप से बैठक करेगा, लेकिन कैलेंडर वर्ष के दौरान सामान्यत: यह बैठक चार बार से कम नहीं होगी और सामान्य सीनेट बैठकों का कैलेंडर शैक्षिक सत्र के प्रारंभ में बनाया जाएगा।

(1) सीनेट का अध्यक्ष अपनी स्वयं की पहल या सीनेट के कम से कम 20% सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित मांग के आधार पर सीनेट की बैठक की अध्यक्षता करेगा।

(2) सीनेट की बैठक की गणपूर्ति सीनेट के कुल सदस्यों की आधी होगी।

(3) यदि निदेशक, उपस्थित रहता है तो, वह सीनेट की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा और उसकी अनुपस्थिति में निदेशक द्वारा नामित सदस्य बैठक की अध्यक्षता करेगा।

(4) रजिस्ट्रार प्रत्येक बैठक की लिखित या इलेक्ट्रॉनिक सूचना परिचालित करेगा, जिसमें बैठक से कम से कम एक सप्ताह पहले सीनेट के सदस्यों के लिए कार्यक्रम भी होगा:

बशर्ते कि सीनेट का अध्यक्ष किसी भी मत को शामिल करने की अनुमति प्रदान करे जिसके लिए सूचना दी गई हो।

(5) उप-संविधि (1) के प्रावधानों के होते हुए भी, सीनेट का अध्यक्ष किसी भी विशेष तत्काल मामलों पर विचार करने के लिए कम समय में सीनेट की आपातकालीन बैठक बुला सकता है।

(6) प्रक्रिया के सभी प्रश्नों के संबंध में सीनेट के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा।

(7) रजिस्ट्रार सीनेट के अध्यक्ष के अनुमोदन से सीनेट की बैठक की कार्रवाई के कार्यवृत्त प्राप्त करेगा और सीनेट के सभी सदस्यों को परिचालित करेगा:

बशर्ते कि ऐसा कोई भी कार्यवृत्त तब परिचालित न किया गया हो यदि सीनेट संस्थान के हितों के लिए पूर्वाग्राही रूप से ऐसे परिचालन पर विचार करें और संशोधन, यदि कोई सुझाया गया हो तो, सीनेट की अगली बैठक में पुष्टि हेतु रखा जाएगा।

(8) कार्यवृत्त तैयार होने तथा सीनेट के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित होने के बाद कार्यवृत्त पुस्तिका में दर्ज किया जाएगा तथा उसे कार्यालय समय के दौरान हमेशा सीनेट, बोर्ड और परिषद के सदस्यों के निरीक्षण हेतु खुला रखा जाएगा।

(9) आपातकालीन स्थिति में, सीनेट के अध्यक्ष सीनेट के अधिकारों का प्रयोग कर सकेंगे तथा सीनेट के अनुमोदन हेतु उसकी अगली बैठक में उसके द्वारा की गई कार्रवाई हेतु सीनेट को रिपोर्ट करेंगे।

22. वित्त समिति की बैठक:- (1) वित्त समिति की बैठक जब आवश्यक हो किंतु न्यूनतम वर्ष में दो बार होगी।

(2) वित्त समिति के चार सदस्य वित्त समिति की बैठक के क्योरम बनाएंगे।

(3) बोर्ड का अध्यक्ष वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करेगा तथा उसकी अनुपस्थिति में अध्यक्ष सदस्यों में से किसी एक को किसी बैठक विशेष के लिए अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए नामित कर सकता है तथा यदि अध्यक्ष द्वारा ऐसा कोई नामांकन नहीं किया गया है तो निदेशक उस बैठक के लिए अध्यक्ष के रूप में कार्य कर सकता है।

(4) बैठक स्थगित करने की कार्रवाई, स्थगित बैठक का आयोजन, बैठक का नोटिस, एजेंडा में मदों को शामिल करना और कार्यवृत तैयार करनाआदि बोर्ड की बैठकों हेतु मान्य है जैसाकि उपनियम 20 में निहित है। जहां तक वित्त समिति की बैठक के संबंध में मान्य है।

(5) वित्त समिति की प्रत्येक बैठक के कार्यवृत्त की एक प्रति बोर्ड को भेजी जाएगी।

23. बिल्डिंग और वर्क समिति की बैठक: (1) बिल्डिंग और वर्क समिति की बैठक जब आवश्यक हो किंतु न्यूनतम वर्ष में दो बार होगी।

(2) बिल्डिंग और वर्क समिति की बैठक के लिए क्योरम (गणपूर्ति) चार सदस्यों का होगा।

(3) बैठक का नोटिस, एजेंडा में मद शामिल करना और बैठक की बैठकों के लिए मान्य कार्यवृत की पुष्टि का प्रावधान जैसाकि उपनियम 20 में निहित है। जहां तक बिल्डिंग और वर्क समिति की बैठक का संबंध है मान्य होगा।

(4) बिल्डिंग और वर्क समिति की प्रत्येक बैठक के कार्यवृत की एक प्रति बोर्ड को भेजी जाएगी।

24. शिकायत निवारण तंत्र:

(1) बोर्ड की उप-समिति के रूप में शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना की जाएगी तथा समिति पारदर्शिता बढ़ाने की दृष्टि से संस्थान की वेबसाइट पर अपने निर्णय प्रदर्शित कर कार्य करेगी।

(2) यदि संस्थान के तंत्र द्वारा किसी कार्मिक या संकाय या छात्र की शिकायत का निवारण नहीं किया जाता तो उसे बोर्ड की उप-समिति को भेजा जाएगा तथा उस पर लिया गया निर्णय ऐसे कार्मिक या संकाय या छात्र को सूचित किया जाएगा।

अनुसूची-1
आचरण नियम
[उप-नियम 10(9)]

1. **परिभाषा:** इस अनुसूची में जब तक विषयवस्तु में आवश्यक न हो,-

(क) 'कार्मिक' से आशय संस्था की सभी स्थाई और अस्थाई या निविदा का कार्मिक और सभी व्यक्ति जो संस्थान से जुड़े हैं।

(ख) 'सक्षम प्राधिकारी' का आशय निदेशक के मामले में शासी बोर्ड और अन्य सभी कार्मिको के मामले में निदेशक से है।

(ग) कार्मिक के संबंध में 'परिवार के सदस्य' में शामिल है:

(i) कार्मिक की पत्नी या पति जैसा भी मामला हो, चाहे कार्मिक के साथ रह रहा हो या नहीं लेकिन वह पत्नी या पति जैसा भी मामला हो, सक्षम न्यायालय की डिग्री या आदेश द्वारा कार्मिक से अलग हो, शामिल नहीं होगा/होगी;

(ii) कार्मिक के पुत्र या पुत्री या सौतेला पुत्र या सौतेली पुत्री और पूर्णतया उस पर निर्भर है किंतु वह बच्चा या सौतेला बच्चा शामिल नहींहै जो किसी भी प्रकार से कार्मिक पर निर्भर नहीं है या जिसका संरक्षण किसी विधि के तहत कार्मिक से समाप्त कर दिया गया है;

(iii) कोई अन्य संबंधी व्यक्ति, खून का संबंधी या कार्मिक के विवाह या कार्मिक की पत्नी या पति तथा कार्मिक पर पूर्णतया निर्भर हो।

2. सत्यनिष्ठा,- (1) सभी कार्मिक सत्यनिष्ठ होंगे तथा कोई अनैतिकता या अन्याय संगत कार्य नहीं करेंगे;

(2) संस्थान के सभी कार्मिक,-

(i) अपनी विशिष्टता के क्षेत्र या व्यावसायिक क्षेत्र के ज्ञान और समझ बढ़ायेंगे;

(ii) अपना आचरण में श्रेष्ठ व्यवसायिक और नैतिकता रखेंगे तथा अपना कार्य सत्यनिष्ठा और उद्देश्य परक रूप से करेंगे;

(iii) शीघ्रता, मेहनत और समझदारीपूर्ण कार्य करेंगे;

(iv) ईमानदारी और तार्किकता से कार्य करेंगे तथा छात्रों, कार्मिको, संबद्ध, संस्थान के विजिटर और सामान्य जन से आदरपूर्वक, निष्पक्षता, दया और सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करेंगे;

(v) हितों के मतभेदों से बचेंगे;

(vi) कार्य व्यवहार के लिए सहयोगात्मक और सहयोगपूर्ण व्यवहार रखेंगे तथा

(vii) शिक्षण और शोध के प्रतिफल स्वरूपी संस्थान की बौद्धिक सम्पदा की रक्षा करेंगे।

(3) संस्थान में सभी कार्मिक निर्धारित कार्यालय समय के अनुसार उपस्थित रहेंगे जब तक की उन्हें संस्थान के बाहर का कार्य न दिया है या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अवकाश न दिया गया हो।

(4) यदि किसी कार्मिक की संस्थान के बाहर व्यवसायिक गतिविधियां उसे संस्थान में वास्तविक रूप से उपस्थित रहने से रोकती है तथा प्रतिबद्धता में टकराव का कारण होती हैं तो उसकी चर्चा विभागाध्यक्ष या निदेशक के साथ की जाएगी।

(5) कोई भी कर्मचारी जो कार्यस्थल पर प्रभारी है वह अपने कार्यस्थल पर किसी भी महिला के यौन शोषण का निवारण करने हेतु उपयुक्त प्रयास करेगा।

IndiaCode

स्पष्टीकरण – इस उप-नियम के प्रयोजनार्थ शब्द "यौन शोषण" में ऐसा अवांछनीय अभद्र यौन व्यवहार, प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष जैसे कि

(i) शारीरिक संपर्क तथा छेड़छाड़

(ii) यौन संबंधों के लिए अनुरोध अथवा मांग

(iii) अश्लील टिप्पणियां करना

(iv) अश्लील चित्र दिखाना, अथवा

(v) यौन प्रकृति के किसी भी प्रकार के अवांछनीय शारीरिक, शाब्दिक अथवा गैर-शाब्दिक व्यवहार

(6) कार्य स्थल पर कोई भी कर्मचारी "यौन शोषण कार्यकलापों में लिप्त पाया जाता है तो संस्था के नियमों के अनुसार उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी"।

(7) कोई भी कर्मचारी किसी प्रकार का कोई उपहार स्वीकार नहीं करेगा और अपने परिवार के किसी सदस्य अथवा किसी अन्य व्यक्ति को उसकी ओर से उपहार स्वीकार (प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत) नहीं करेगा।

3. सार्वजनिक टिप्पणी :- कोई कर्मचारी जो संस्था के कर्मचारी की हैसियत से सार्वजनिक टिप्पणी अथवा प्रतिवेदन करता है तो उसे यह कार्य संस्था के निम्नलिखित दिशा-निदेशों के अनुसार ही करने होंगे : नामत:-

(i) संस्थान अपने कर्मचारियों को प्रोत्सहित करता है कि वह अनुसंधान के परिणामों अथवा संस्थान द्वारा आरंभ की गई छात्रवृत्तियों/अध्येतावृत्तियों छात्रवृत्तियों/अध्येतावृत्तियों का अध्येता (छात्र) समुदाय में खुला एवं उपयुक्त समय पर व्यापक प्रचार करें।

(ii) संस्थान अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करता है कि वे सार्वजनिक परिचर्चा में भाग लें और अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में टिप्पणियों के लिए मीडिया के समक्ष उपस्थित रहें।

(iii) कर्मचारी संस्थान के बारे में सार्वजनिक वक्तव्य देते समय सर्वोच्च कोटि के व्यावसायिक एवं नैतिक मानक बनाए रखें और सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा किया गया कोई भी सार्वजनिक वक्तव्य संस्था के अपयश का कारण न बने।

(iv) सार्वजनिक व्याख्या अथवा परिचर्चा में भाग लेते समय कर्मचारी जब अपने शैक्षणिक अथवा व्यावसायिक विशेषज्ञा अथवा विशेष अध्ययन के क्षेत्र में व्याख्यान अथवा आलेख देते समय अपना परिचय अपने नाम (उपाधि) तथा शैक्षणिक योग्यता का उल्लेख करते हुए देगें।

(v) कर्मचारियों द्वारा अपनी विशेषज्ञता अथवा विशेष अध्ययन के क्षेत्र में विशेषज्ञ की हैसियत से दिए गए सभी व्याख्यान सटीक, व्यावसायिक तथा समुचित आत्म संयम से नियंत्रित होने चाहिए।

(vi) सार्वजनिक परिचर्चा करते समय, कर्मचारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सदाश्यता से कार्य करे एवं अपनी विशेषज्ञता को गलत ढंग से प्रस्तुत न करें।

(vii) केवल वही कर्मचारी जो निदेशक की ओर से संस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए औपचारिक रूप से नियुक्त किए गए हैं वे ही संस्थान की नीतियों एवं सभी प्रशासनिक मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करेंगे।

(viii) किसी भी विषय पर सूचना देते समय, कर्मचारी सदा सतर्क हरें कि वे अन्य व्यक्तियों के मतों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करे, किसी की प्रतिष्ठा को ठेस न लगाए अथवा किसी आपत्तिजनक स्थिति का सृजन न करे अन्यथा ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार के अपमान एवं अप्रतिष्ठता के लिए संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।

(ix) यदि किसी कर्मचारी को किसी व्यक्ति, प्राधिकरण अथवा समिति द्वारा आयोजित किसी साक्ष्य के संबंध में बुलाया जाता है तो उसके समक्ष प्रस्तुत होने से पूर्व कर्मचारी समक्ष प्राधिकारी को पूर्वानुमति प्राप्त करे :

(x) बशर्ते कि संस्थान की आंतरिक समिति अथवा न्यायिक जांच के मामले में कोई अनुमति अपेक्षित न हो।

4. हितों का टकराव – सभी कर्मचारी संस्थान के समक्ष सभी संबंधित तथ्यों एवं परिस्थितियों का वास्तविक, संभावित अथवा हितों के कथित टकराव का उल्लेख करे और निम्नलिखित दिशा-निदेशों का अनुपालन करें, नामत: -

(क) कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि संस्थान के कार्यक्षेत्र के बीच किए गए सभी अध्ययनशील कार्यकलाप तथा उनके परिणामों का खुला एवं उचित समय पर प्रसारण वास्तव में उनके बाह्य, व्यक्तिगत अथवा वित्तीय हितों का संभावित अथवा कथित टकराव नहीं है।

(ख) सभी हितधारकों को उन बाह्य, व्यक्तिगत अथवा वित्तीय निहितार्थों के बारे में पर्याप्त रूप से सूचित किया जाए जो अध्ययनशील (वैज्ञानिक) कार्यकलापों के परिणामों के प्रचार में विलंब अथवा अवरोध उत्पन्न कर सकते हैं।

(ग) संस्थान के बाहर किए जाने वाले व्यावसायिक कार्यकलाप किसी कर्मचारी को उसके संस्थान के भीतर निर्धारित कर्त्तव्यों से विमुख नहीं करेंगे।

(घ) कर्मचारी जो हितों में टकराव में शामिल है अथवा उसे ऐसे किसी टकराव की जानकारी है वह तत्काल निदेशक के माध्यम से संस्थान को इस संबंध में सूचित करे।

(ड.) संस्थान के पास हितों के टकराव के प्रबंधन हेतु संबंधित कर्मचारी के साथ साझा करने की व्यापक योजना होनी चाहिए।

(च) सभी कर्मचारी, किसी बाह्य कंपनी अथवा संगठन से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से पूर्व करार की शर्तों के संबंध में समक्ष प्राधिकारी से चर्चा करे ताकि उनके बारे में संस्थान की स्वीकार्यता प्राप्त की जा सके।

(छ) संस्थान का कोई भी कर्मचारी, यदि वह अकेले अथवा किसी समुदाय के सदस्य के रूप में ऐसे किसी कर्त्तव्यों का निर्वहन कर रहा है जो उसे समक्ष प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए हैं अथवा जिन कर्त्तव्यों के अनुपालन स्वरूप किसी प्रकार के हितों में टकराव की स्थिति उत्पन्न होती हे तो उसे स्वयं को इनसे अलग कर लेना चाहिए

(ज) कर्मचारी को उक्त विहित कार्यकलापों के लिए मानदेय, परामर्श शुल्क तथा रायल्टी से पुरस्कृत किया जाएगा। बशर्ते कि, कर्मचारी द्वारा संस्थान में अपने दैनिक कर्त्तव्यों का निवर्हन व्यक्तिगत वित्तीय लाभों से प्रभावित न हो।

(झ) बोर्ड हितों के टकराव और उनके उत्पन्न स्थिति के संबंध में एक व्यापक नीति का निरूपण करेगा जिसके तहत किसी व्यक्ति द्वारा कृत कृत्यों के परिणाम-स्वरूप उसके निज अथवा किसी अन्य व्यक्ति जो उसके परिवार का सदस्य हो अथवा निकअ संबंधी (जैसे कि छात्र का पर्यवेक्षक) के लिए अनुकूल अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों उत्पन्न होती है।

5. संस्थान से बाहर वित्तीय हित (लाभ) – (1) कर्मचारी को अपने व्यक्तिगत वित्तीय सरोकार तथा अपने परिवार के सदस्यों के भी वित्तीय सरोकार स्पष्ट करने चाहिए, विशेषरूप से तब जब वे एकाधिक हो इनमें सेवाओं के लिए अथवा अध्यापन हेतु भुगतान, परामर्श शुल्क से आय, मानदेय, संस्थान से इतर शैक्षणिक संस्थाओं से प्राप्त रायल्टी शामिल हैं, विशेष रूप से जब वे किसी कंपनी अथवा संगठन के साथ कार्यरत हों, बशर्ते कि:-

(i) कंपनी अथवा संगठन निधियां उस संस्थान की जांच करती है जिससे कर्मचारी संबद्ध है;

(ii) कर्मचारी का जिससे वित्तीय सरोकार है उसमें बौद्धिक संपदा अनुज्ञापत्र;

(iii) जारी अथवा ऑन-लाइन शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवक्ता के रूप में कर्मचारी की भागीदारी का प्रायोजन किसी ऐसे संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर करार करना जिसमें कर्मचारी भी एक हस्ताक्षरकर्ता है;

(iv) उस संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरकर्ता कर्मचारी है;

(v) ऐसे उत्पाद का निर्माण करता है, जिस पर अध्ययन किया जा रहा है और जिसमें कर्मचारी शामिल है, या

(vi) वह निहितार्थ रखता है, जिसका कर्मचारी की छात्रवृत्ति या अनुसंधान पर संभावित प्रभाव हो सकता है;

(vii) संस्थान द्वारा देखभाल की गई है।

(2) सक्षम प्राधिकारी द्वारा कर्मचारियों के निहितार्थ संबंधी मत भिन्नता का निर्धारण किया जाएगा।

6. बौद्धिक संपदा-सभी कर्मचारी बौद्धिक संपदा संबंधी नीति का पालन करेंगे।

7. राजनीतिक गतिविधिः -प्रत्येक कर्मचारी, राजनीतिक गतिविधियों से संबंधित केन्द्र सरकार के कर्मचारियों पर यथा लागू भारत सरकार के नियमों द्वारा अभिशासित होगा।

8. संस्थान को संसूचित करना- (1) संस्थान का कोई कर्मचारी या छात्र संस्थान को उस किसी भी परिस्थिति की, जो उसके कर्तव्य और दायित्वों के निर्वहन में बाधा पहुंचाती है, परन्तु अपराधिक आरोपों या कार्यवाही, दीर्घकालिक दिवालियापन या ऋण ग्रस्तता आदि तक सीमित नहीं है, की सूचना देगा।

(2) प्रत्येक कर्मचारी उसके या उसके परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाली चल और अचल संपत्ति की, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू मानदंडों के अनुसार, घोषणा करेगा।

टिप्पणी 1: स्वामित्व से तात्पर्य रिकार्ड के अनुसार विधिक स्वामित्व (जैसा भी हो, परन्तु पंजीकरण, पट्टा, रहन आदि तक सीमित न हो) या संपत्ति का वास्तविक स्वामित्व या कब्जा हो।

9. अभ्यावेदन, शिकायत, परिवेदनाः- किसी भी अभ्यावेदन, अपील, परिवेदना या शिकायत के लिए, संस्थान का कर्मचारी या छात्र शासी बोर्ड द्वारा यथा-निर्धारित संस्थापित माध्यमों और तंत्रों का प्रयोग करेंगे।

टिप्पणी 1: शासी बोर्ड, परिवेदनाओं या शिकायतों की सूक्ष्मता से जांच और सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्रवाई संबंधी सिफारिश करने, जो सार्वजनिक रूप से स्पष्ट होगी एवं संस्थान के सभी सदस्यों को व्यापक रूप से संसूचित की जाएगी, के लिए संस्थापित माध्यमों और तंत्रों (जैसेकि लोकपाल, शिकायत निवारण समितियां आदि) की स्थापना और घोषणा करेगा।

10. दंड एवं अपेक्षित प्रक्रियाः- संस्थान का कोई भी छात्र या कर्मचारी, जो इन नियमों के किसी प्रावधान का उल्लंघन करता है, अपेक्षित प्रक्रिया के बाद दंडित किया जा सकेगा।

11. बचाव खंडः- जिन मामलों को उपर्युक्त नियमों द्वारा कवर नहीं किया गया है उन पर केन्द्र सरकार के कर्मचारियों पर यथा-लागू केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

